तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025




11 कलेक्टर मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर का...


12 शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को बांधी राखी









## खबर संक्षेप



### नशेड़ी चालकों का पुलिस ने काटा 10-10 हजार का चालान

**डौंडीलोहारा।** नगर पुलिस यातायात सुरक्षा हेतु सघन अभियान चला रही है और निरन्तर चौक-चौराहे पर वाहन चेकिंग किया जा रहा है। नियम के अनुसार वाहन चलाने की समझाइश वाहन चालकों को दी जा रही है। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने जागरूक भी किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान हाइवा वाहन के चालकों द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाते पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि वाहन चालक हरीश कुमार हथौद व अनिल साहू चारभाठा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसी तरह शुक्रवार को एसडीएम शिवनाथ बघेल व तहसीलदार के साथ नगर के थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहने हुए पेट्रोल देने के संबंध में समझाइए दी। पेट्रोल पंप संचालकों को कहा गया है कि वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है यदि वाहन चालक इसका उल्लघन करते हैं तो पेट्रोल नहीं दें। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि हेलमेट नहीं पहनने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह पुलिस ने नौ वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

### बारिश के अभाव में पीली पड़ने लगी धान की फसलें



**दल्लीराजहरा।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इस बार मानसून की बेरुखी किसानों के लिए बड़ी चिंता का कारण बनती जा रही है। जुलाई के शुरुआती दिनों में हुई कुछ अच्छी वर्षा के बाद किसानों ने उत्साह से धान की बोवाई पूरी कर ली, लेकिन अब बीते कई दिनों से बारिश के आसार धूमिल हैं, खेत सूखने लगे हैं और धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं।

### विश्व आदिवासी दिवस पर शहर में उमड़ा जन सैलाब

# आदिवासी नृत्य, लोकगीत और ढोल-नगाड़ों से गूंजीं शहर की गलियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को दल्लीराजहरा शहर में अद्भुत उत्साह और जोश देखने को मिला। शहर की गलियां और चौक-चौराहे पारंपरिक आदिवासी नृत्यों, लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से जीवंत हो उठीं। सुबह से ही आदिवासी समाज के लोग रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर एकत्र हुए और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए नगर भ्रमण किया।

पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर, नगाड़ा, बांसुरी, और थाली की मधुर ध्वनियों के साथ युवा, वृद्ध और महिलाएं सामूहिक नृत्य में शामिल होकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का संदेश दे रहे थे। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जुलूस ने नगर भ्रमण किया, जहां स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें आदिवासी जीवन, संस्कृति और परंपराओं पर आधारित गीत, नृत्य और नाटकों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपराओं, प्रकृति संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सामाजिक एकजुटता पर प्रकाश डाला।

विश्व आदिवासी दिवस का यह भव्य आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि यह समाज के इतिहास, परंपरा और पहचान को गर्व के साथ प्रस्तुत करने का अवसर भी बना। पूरे दिन शहर उत्सवमय माहौल में डूबा रहा और आदिवासी समाज की रंगत ने दल्लीराजहरा को अपनी संस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया।

## एक माह के भाई को दो बहनों ने बांधी राखी...



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की पूर्व छात्र टीना की दो बेटियां काव्या 9 वर्ष और नव्या 7 वर्ष को इस वर्ष राखी में 1 माह 11 दिन उम्र का भाई मानविक मोदी को राखी बांधने का अवसर मिला। बहन काव्या छोटा सा नन्हा सा भाई मानविक को गोद में लेकर मां टीना पिता प्रणय मोदी का भावपूर्ण कृतज्ञता प्रगट की।

## स्वास्थ्य विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



**गुरूर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जेएल उइके द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा समस्त विकासखंड अधिकारियों तथा फील्ड स्टॉफ की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 10 पर

# कलेक्टर ने गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अधिकारियों को सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी करने के निर्देश

राज्य शासन के गौधाम योजना के अंतर्गत बालोद जिले में भी गौधाम बनाकर निराश्रित एवं घुमन्तू एवं जप्त किए गए गौवंश पशुओं का समुचित देखभाल के अलावा संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश ने अधिकारियों के साथ जिले के अलग–अलग स्थानों में पहुँचकर गौवंश पशुओं के लिए जरूरी सुविधाओं से युक्त गौधाम निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन हेतु मौके पर पहुँचकर जगह का मुआयना किया। जिससे कि गौधाम निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।

इसके अलावा कलेक्टर मिश्रा ने गौवंश पशुओं के देखरेख, पंजीकृत संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा स्थित महावीर गौशाला के अलावा तांदुला जलाशय के समीप नगर पालिका बालोद द्वारा संचालित गौठान तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चुल्हापथरा में संचालित कृष्णगोपाल गौशाला के अलावा गुरूर विकासखण्ड के चिटौद में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित चारागाह में पहुँचकर इसे गौधाम निर्माण हेतु चयनित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर सहित पंचायत एवं पशु चिकित्सा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### चारा और अन्य व्यवस्थाओं की ली जानकारी

उन्होंने कहा कि इस गौधाम में पशुओं के लिए शेड निर्माण तथा चारापानी एवं उनके देखरेख आदि सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरंपच को इस स्थान पर गौधाम निर्माण करने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को प्रस्ताव पारित कराने एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने को कहा। इसके अलावा कलेक्टर ने सरपंच एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को समुचित स्थान पर पौधरोपण कर पूरे परिसर को हरा–भरा बनाने के कार्य में सहयोग करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि यहाँ पर गौधाम बनाकर गौवंशीय पशुओं के समुचित देखभाल के अलावा उनके संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करने हेतु इस स्थान को बेहतर तरीके से विकसित किया जाए। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस संबंध में शीघ्र कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

### पेट्रोल और शराब लेना है तो 10 रुपए दो हेलमेट किराये पर लो



**दल्ली राजहरा।** जिला प्रशासन की सख़्ती से बचने का नया और चौकाने वाला तरीका दल्लीराजहरा शहर में देखने को मिल रहा है। अब पेट्रोल पंप और देसी शराब दुकानों के सामने खुलेआम चलते फिरते हेलमेट किराए पर मिलने लगे हैं। केवल 10 रुपए देकर 5 मिनट के लिए हेलमेट लीजिए, पुलिस की चेकिंग पार करिए और फिर हेलमेट लौटाकर मज़े से निकल जाइए। हेलमेट की चलती फिरती दुकान चल रही है। यह 'हेलमेट ऑन रेंट' स्कीम ने ▶▶|शेष पेज 10 पर







**खबर संक्षेप**

### मैत्री कॉलेज में मनाई गई प्रेमचंद जयंती

**भिलाई।** मैत्री कालेज और प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग द्वारा मैत्री कालेज रिसाली के सभागार में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि कथाकार लोकबाबू, प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव, रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव, शायर मुमुताज व कमलेश वर्मा थे। मैत्री एजूकेशनल एवं कल्चरल एसोसिएशन की अध्यक्षराज सुधाकरण ने स्वागत भाषण दिया। लोकबाबू ने प्रेमचंद की कहानियों का विश्लेषण कर संदेशपरक बताया। परमेश्वर वैष्णव ने प्रेमचंद के जीवन व रचनाओं को प्रेरक निरुपित किया। रवि श्रीवास्तव ने बच्चों से समाज परिवर्तन के लिए प्रेमचंद की रचनाओं को पढ़ने और उनके आदर्श को आत्मसात करने का आह्वान किया। कालेज की प्राचार्य डां. सुरेखा विनोद पाटिल ने प्राध्यापक वृंद व एमएडबीएड कालेज के प्रशिक्षणार्थियों को सार्थक आयोजन के लिए सराहा। ने महाविद्यालय के बीएड विद्यार्थियों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों, जीवन संघर्ष और भाषआ शैली पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रीडर अपूर्वा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में कालेज के विद्यार्थी, प्राध्यापक व साहित्यकार उपस्थित थे।

### शहर में निर्माण कार्यों के लिए 60 लाख स्वीकृत

**दुर्ग ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के 4 कार्यो के लिए 60 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी जानकारी अनुसार विख दुर्ग अंतर्गत वार्ड क्र. 09 में शीतला मंदिर के पास तथा वार्ड क्र. 05 में मंदिर के पास डोम शेड निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए और वार्ड क्र. 09 में तथा वार्ड क्र. 05 में मंच निर्माण व अहाता निर्माण कार्य के लिए 10-10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### थनौद के पास बने बोगदा की बढ़ेगी ऊंचाई

**दुर्ग।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत टेडेसरा से थनौद, उतई, पाटन के रास्ते अभनपुर होकर नया रायपुर से जुड़ने वाले नए सिक्सलेन का काम इन दिनों तेजी से जारी है। करीब 92 किलोमीटर की इस सड़क के निर्माण को लेकर कई अनियमितताएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों ग्राम थनौद के पास सामने आया, जहां बोगदा पुल इतना छोटा बनाया गया है, कि वहां से बड़े वाहन नहीं गुजर पा रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति की। इसके बाद ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया। तत्काल व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद रोड से बोगदा की ऊंचाई साढ़े 5 फीट किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बारिश के दिनों में वैकल्पिक मार्ग के लिए जीरा गिट्टी डालकर रास्ता बनाया गया। सरपंच मेनका देशमुख, जनपद सदस्य संगीता साहू, दिनेश देशमुख, मोहन हरमुख, राधेश्याम चक्रधारी, लुकेश, गिरधर, मिलन चक्रधारी, रामचंद्र कुंभकार, मोरध्वज चक्रधारी सहित अन्य मौजूद थे।

**लापरवाही : ई-पाश मशीन में आई तकनीकी खामी, शक्कर के लिए कतारें**

# आठ दिन से राशन दुकानों में ई-पाश मशीन बंद तीन महीने का चावल बांटने के बाद ऐसी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले आठ दिनों से राशन दुकानों का ई पॉश मशीन बंद है। एक साथ तीन महीने का चावल बांटने के बाद इस तरह की दिक्कतें सामने आई है। एक अगस्त से हितग्राफी शक्कर लेने के लिए आ रहे हैं लेकिन ज्यादातर राशन दुकानों में ताला लटका हुआ है। जो दुकानें खुली है वहां ई पाश मशीन काम नहीं करने की वजह से लौटना पड़ रहा है। दुर्ग जिले में रिसाली, मरोदा, रूआबांधा, कैंप क्षेत्र, दुर्ग सहित 609 राशन दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में राशन लेने वाले 3 लाख 2644 राशनकार्डधारी हैं।

**राशन दुकान पहुंच रहे हितग्राही**



**राशन दुकानों से बैरंग लौटाया जा रहा**

**केस 1**

#### दो माह से नहीं मिली शक्कर

स्टेशन मरोदा में चार राशन दुकानें संचालित हैं। हर दुकानों में निर्धारित से ज्यादा राशनकार्डधारी हैं। यानी 16 हजार राशनकार्डधारियों को पिछले दो महीने का शक्कर नहीं मिला है। हितग्राही मालती बाई, सुखिया बाई, मनीषा साहू , फूलकुंवर आदि ने बताया कि तीन महीने का चावल तो मिल गया है लेकिन शक्कर अगस्त महीने का ही नहीं मिला है। हर दिन दुकान आते हैं लेकिन यह कहा जाता है कि ई पॉश मशीन ही बंद है।

**केस 2**

#### काम नहीं कर रही मशीन

रिसाली टंकी मरोदा, मैत्री गार्डन के पास, रिसाली सेक्टर , रूआबांधा बस्ती शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशनकार्डधारी पहुंच रहे हैं। हितग्राही संतोष कुमार, अमित, शैलेष, कुमारी बाई, कौशल्या बाई आदि ने बताया कि राशन दुकान में शक्कर नहीं दिया जा रहा है। ई पाश मशीन ही काम नहीं कर रहा। इसलिए शक्कर नहीं मिल रहा।

#### कहीं दुकानें बंद तो कहीं खुली है तो लौट रहे

हितग्राहियों ने बताया कि रोजाना दुकान खुल नहीं रही है। एक दिन जाते हैं तो दूसरे दिन बंद मिलता है। जिसकी वजह से पिछले आठ दिनों से दुकानों का चक्कर काट रहे हैं। इसके पहले तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए कई बार चक्कर काटे। दुकानों में चावल का पर्याप्त स्टॉक ही नहीं भेजा गया था। जैसे-तैसे चावल की समस्या दूर हुई है।

#### बाजार से दोगुने दाम पर शक्कर लेने की मजबूरी

सहकारी उचित मूल्य की दुकान में शक्कर नहीं मिलने से हितग्राहियों को बाजार में दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है। हितग्राहियों ने बताया कि राशन दुकानों मे प्रति किलो शक्कर 17 रुपए मिलता है। बाजार में एक किलो शक्कर 44 रुपए है। इस तरह दोगुनी कीमत से ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं।

#### दिखवाता हुं क्या प्रॉब्लम है

राशन दुकानों में ई पाश मशीन बंद होने की सूचना मुझे नहीं मिली है। क्या प्राब्लम है उसे दिखवाता हूं। ऐसी जानकारी आपसे मुझे मिल रही है।

-अनुराग भदोरिया, नियंत्रक खाद्य विभाग दुर्ग

## राहुल गांधी को झूठे एजेंडा चलाने पर देश से माफी मांगनी चाहिए : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोट चोरी को लेकर लगाए गए प्रश्न चिन्ह को निराधार और अलोकतांत्रिक बताया है। उन्होंने राहुल गांधी को तीखा जवाब देते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर उनके दावे फर्जी और पूर्ण रूप से अनर्गल हैं।

देश में चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने का कुप्रयास है, जो उनके राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। सरोज पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के साथ भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाएं हैं। वोटों का विषय चुनाव आयोग से संबंधित है। इस पर चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगा है, यदि उनके दावे सत्य हैं तो उन्हें शपथ पत्र देना चाहिए। वरना इसके लिए देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

इससे पहले भी राहुल गांधी अपने बचकाने हरकत से झूठे एजेंडों को लेकर घिर चुके हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने जब राहुल गांधी को यह दावा करने के लिए फटकार लगाई कि चीन ने भारतीय क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक सच्चा भारतीय ऐसी टिप्पणी नहीं करेगा। सरोज पाण्डेय ने कहा चुनावों में हार-जीत होती रहती है। देश में विपक्ष में लंबे समय तक किसी पार्टी ने जिम्मेदारी निभाई है तो वह भारतीय जनता पार्टी है, भाजपा ने सबसे लंबे कालखंड तक विपक्ष में रहते हुए जनसेवा की है।

### उच्चतम न्यायालय के पत्रों पर सावधानी से कार्रवाई के निर्देश

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सर्व विभागों के प्रमुख अधिकारियों को उच्च और उच्चतम न्यायालय से प्राप्त होने वाले पत्रों पर निर्धारित समय भीतर त्वरित गति से और सावधानीपूर्वक कार्रवाई निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने कहा है कि सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि न्यायालय से प्राप्त पत्रों पर समय रहते, पूरी सतर्कता के साथ काम किया जा सके और किसी भी तरह की लापरवाही से बचा जा सके।

## नहीं खुलने देंगे खुड़मुड़ा में शराब भट्टी, धरना प्रदर्शन को पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 खुड़मुड़ा में प्रस्तावित शराब भट्टी को नहीं खोलने की मांग

- **महिलाओं ने राखी बांधकर पूर्व सीएम का किया स्वागत**

को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। नगर विकास समिति खुरमुड़ा एवं वार्ड क्रमांक 4 ,5 ,6, 7 के अध्यक्ष रामकुमार सोनकर, उपाध्यक्ष राधेश्याम जोशी और चिंतामणि सोनकर के संयुक्त नेतृत्व में जारी आंदोलन के धरना स्थल पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक भूपेश बघेल समर्थन देने पहुंचे। जहां युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया वहीं धरना में उपस्थित पार्षद वार्ड 06 ललिता कुमार साहू, ईश्वरी सोनकर, अनु सोनकर, अशोक घिघोड़े, जानी सोनकर आदि ने रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में राखी बांधकर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता को सुविधा देने के बजाय संकट में डाल रही है बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त कर दिया गया है। स्कूल बंद किए जा रहे हैं और शिक्षकों का पद समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में लगभग 700 शराब भट्टी है जिसे डबल कर 1400 कर दिया है। जहां देशी था वहां विदेशी शराब भट्टी भी खोल दी गई है।

श्री बघेल ने कहा कि इस गांव में शराब भट्टी की आवश्यकता बिल्कुल ही नहीं है क्योंकि यहां से 01 किलोमीटर दूरी में भाठागांव में शराब दुकान पूर्व से संचालित है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के धरना प्रदर्शन में मैं समर्थन करता हूं निश्चित रूप से शराब भट्टी नहीं खुलना चाहिए ऊपर से सरकार द्वारा किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था नहीं कर पा रही है। मौके पर दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू मोरध्वज साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व पार्षद ओंकार घिघोड़े, धर्मेंद्र साहू, जीवन नंदन वर्मा ,कल्याण साहू, अमृत सिंह राजपूत, चिंतामणि सोनकर, राधेश्याम जोशी, पार्षद भेजलाल सोनकर, पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक घिघोड़े, घनश्याम साहू, पूरन साहू आदि मौजूद थे।

### माँ जगतारण काली दुर्गा मंदिर में मूर्ति स्थापना



**दुर्ग।** माँ जगतारण काली दुर्गा मंदिर समिति उरला वार्ड 58 के तत्वावधान में गुरुवार को मंदिर की निर्मात्री रागिनी देवी की मूर्ति स्थापित की गई। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, विधायक गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, भाजपा के पूर्व प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने मौजूद थे। इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी सुशील कहार ने अपनी पत्नी को हमेशा देवी की तरह माना और उनकी स्मृति को चिरस्थायी रखने का प्रयास किया है वह सराहनीय है। यह उनके उच्च आदर्श को दर्शाता है। यह अनुकरणीय है। अतिथियों को मूर्ति स्थापना के बाद स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुलाब सिंह, सागर कहार, आकाश कहार आदि मौजूद थे।

## विधायक गजेन्द्र ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों व दवाइयों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल दुर्ग का शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाक़ात कर उनकी कुशलक्षेम जाना और अस्पताल में ईलाज,

- **20 रुम का पेइंग वार्ड भी बनेगा**

दवाई और स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार को लेकर फीडबैक लिए। उन्होंने क्रमशः ओपीडी के आर्थो, आँख, न्यूरो, हड्डी, पर्ची काउंटर और मेडिसिन वार्ड पहुंचकर चिकित्सकीय स्टॉफ से मरीजों की संख्या, संसाधनों का फीडबैक लेकर मरीजों का त्वरित ईलाज करने की बात कहे। सिटी स्कैन, एक्सरे जैसे मशीनों उचित देखरेख, पैथलॉजी के उपकरण की जानकारी लिए। औचक निरीक्षण में जिला अस्पताल पहुंचे विधायक गजेन्द्र यादव ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन और सीएचएमओ को ओपीडी के सभी विभागों में डॉक्टर व स्टॉफ निर्धारित समय पर उपस्थिति देने कहा। दवाईयों की उपलब्धता और मेडिकल उपकरणों की जानकारी ली।



#### मदर एंड चाइल्ड यूनिट का होगा विस्तार

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जिला अस्पताल में मदर एंड चाइल्ड यूनिट वार्ड का विस्तार करने नई बिल्डिंग की स्वीकृति हो चुकी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण प्रारंभ होगा। इससे मातृ एवं नवजात शिशुओं की देखभाल की सुविधा में और इजाफा होगा। इसके अलावा पेइंग वार्ड बनाया जाएगा जिसमें 25 फोर बेड और डबल बेड वाला 20 रूम, 5 स्वीट रूम भी बनेगा। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शिव नायक, गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, अनूप गटागट, हिमांशु सिंह, सीएचएमओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज, डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

## हायर सेकंडरी में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का प्रथम पालक–शिक्षक बैठक शासन के निर्देशानुसार सम्पन्न हुआ।

बैठक की शुरुआत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, प्राचार्य शेष नारायण वर्मा एवं राजेश शर्मा ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। सर्व प्रथम प्राचार्य वर्मा ने पालकों का स्वागत करते हुए पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा किया।

अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने बच्चो के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने पालको से कहा है बच्चों के विकास के लिए पालको की अहम भूमिका होती है बच्चों की बुनियाद को सही रखने के लिए नीव मजबूत बनाना होगा पालको ने अपना सुझाव रखा और कहा शिक्षक और पालक मिलकर बच्चों के उपर ध्यान दे तो सर्वांगीण विकास हो सकता है।उन्होने उपस्थित पालको से कहा कि जो पालक बैठक मे नही आए है उनको बैठक मे हुए चर्चा को अवगत कराए, व्याख्याता खेमराज साहू ने घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सिखा और बच्चा बोलेगा बेझिझक पर बिन्दुवार विस्तृत चर्चा किया। व्याख्याता गजेन्द्र यदु ने न्योता भोज पर चर्चा करते हुए कहा कि न्योता भोज की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह कार्यक्रम विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व आदि अवसरों पर शाला के बच्चों को पौष्टिक व रुचिकर भोजन उपलब्ध कराने की एक अच्छी पहल है, साथ ही पांक्सो एक्ट 2012 पर विस्तृत चर्चा किया। पीएल देशमुख ने बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, जाति आय निवास प्रमाणपत्र पत्र चर्चा किया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक चुकाराम नागवंशी, भानु साहू, परमानंद साहू, राजेश शर्मा, दुष्यंत कुमार साहू, आशीष साहू, लमेश्वर साहू, भुवनेश्वर कतलम, मनोहर ठाकुर, अरुणा ठाकुर, जया देवांगन दानी राम महेंद्र कुमार, श्यामली बंजारे, अंजनी पटेल, हेमिन साहू, सहित सैकड़ों पालकगण उपस्थित थे।

### पीएम सूर्य घर योजना : 10 से 14 तक दुर्ग-भिलाई में लगेंगे शिविर

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रुफटॉप सोलर प्लांट लगाने के इच्छुक विद्युत उपभोक्ताओं के लिये दुर्ग-भिलाई में 10 से 14 अगस्त तक पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे है। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को इस योजना की जानकारी देना और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इन शिविरों में सुबह 10 बजे से ही उपभोक्ता भाग ले सकेंगे। शिविर स्थल 10 अगस्त को तालपुरी-ए ब्लॉक रिसाली जोन, 11 अगस्त सियान सदन नेहरू नगर जोन महेश कॉलोनी दुर्ग, बघेरा जोन कुशाभाऊ ठाकरे भवन जवाहर नगर जोन, दुर्ग एवं काली मंदिर रोड सामुदायिक भवन चरोदा भिलाई-चरोदा जोन, 12 अगस्त नगर निगम हॉल दुर्ग टाउन जोन में लगाया जाएगा।

**पेज 9 के शेष...**

#### स्वास्थ्य विभाग की...

स्वास्थ्य संयोजक पर्यवेक्षक को समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा कार्य दायित्व के अनुरूप कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में आधार बेस्ड अटेंडेंस का पंजीयन कर अपने संस्था में नियत समय अवधि में उपस्थित होकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए। डॉ सुनील भारती बीएमओ गुरुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उक्त समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा द्वारा शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजन हेतु जारी कार्यदायित्व के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह द्वारा टीकाकरण की समीक्षा किया गया। उक्त समीक्षा बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर, डॉ जीआर रावते, डॉ अरविंद मिश्रा, जिला समन्वय संदीप मेश्राम, एडीएनओ भूपेश देवांगन, डीडीएम योगेश कुमार साहू, बीपीएम तथा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रभारी ग्रामीण चिकित्सा सहायक पर्यवेक्षक तथा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ग्रामीण स्वास्थ्य योजना उपस्थित थे।

#### कलेक्टर ने ...

विभाग के उप संचालकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने आमापारा बालोद में संचालित महावीर गौशाला में वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों से वर्तमान में गौठान में रह रहे गौवंश पशुओं की संख्या, उनके लिए चारा, दवाइयां, इलाज एवं देखरेख आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गौशाला के पशुओं को गुड़ भी खिलाया। इसके अलावा मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद में तांदुला जलाशय के समीप नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौठान का भी अवलोकन किया। इस स्थान पर गौधाम निर्माण के लिए पर्याप्त रकबा एवं आवागमन हेतु मार्ग आदि की उपलब्धता को देखते हुए अधिकारियों ने इसे गौधाम निर्माण के लिए चयनित किया। कलेक्टर मिश्रा ने यहाँ पर गौधाम निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु तहसीलदार एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड ग्राम चुल्हापथरा में पहुँचकर कृष्णगोपाल गौशाला का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला का देखरेख कर रहे लोगों की गौशाला में दुध उत्पादन, गोबर एवं गौमूत्र के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर एवं अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिटौद में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित चारागाह का अवलोकन कर इस स्थान पर पर्याप्त रकबा, सुविधाओं की उपलब्धता एवं पहुँच मार्ग एवं अन्य सभी दृष्टि से उपयुक्त पाए जाने पर इस स्थान को गौधाम निर्माण हेतु चयन किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इस स्थान पर 05 एकड़ शासकीय भूमि पर पशुओं के लिए जरूरी सुविधाओं से युक्त गौधाम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौधाम के सुचारू संचालन हेतु शासन के द्वारा अनुदान भी प्रदान किया गया है।

#### पेट्रोल और शराब...

सड़क सुरक्षा के असली मकसद पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शराब दुकान के सामने हेलमेट की यह इंस्टेंट सर्विस न सिर्फ ट्रैफिक नियमों की खिल्ली उड़ा रही है, बल्कि सड़क हादसों को न्योता देने जैसा है। दोपहिया वाहन चालक और शराब प्रेमी इस जुगाड़ से नियमों की आंख में धूल झोंक रहे हैं। दल्लीराजहरा की जनता में चर्चा है कि यह तू डाल-डाल, मैं पात-पात वाला खेल प्रशासन के आदेशों को खोखला बना रहा है। वहीं प्रशासन के लिए यह स्थिति बड़ी चुनौती बन चुकी है, क्योंकि हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को इस तरह का 'किराए का कॉमेडी शो' सड़क सुरक्षा के मकसद को बेमानी बना रहा है। दल्लीराजहरा शहर के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने तत्काल इस पर रोक नहीं लगाई, तो नियम केवल कागजों और चालान भरने तक सीमित रह जाएंगे, जबकि असली सड़क सुरक्षा मजाक बनकर रह जाएगी।

**बाजार में 100 के ऊपर ही अच्छी व टिकाऊ राखी मिलने लगी**

# राखी पर महंगाई की मार, नारियल और मिठाई के बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद





जिले मे राखी के त्यौहार मे महंगाई के साथ जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट लगाओ अभियान का असर देखने को मिला। जहां नारियल, मिठाई से लेकर आवागमन करने में बहनो को जेब ढ़ीली करनी पड़ी। राखी के त्यौहार मे बहने अपनी भाईयो के लिए बाजार से न सिर्फ राखी खरीदती है बल्की राखी के अलावा भाई को देने के लिए नारियल व राखी बांधते समय खिलाने के लिए मिठाई खरीदती है लेकिन लेकिन इस राखी के साथ नारियल और मिठाई बाजार में पहले से महंगे दामो मे बिकने के कारण बहनो को इस बार राखी मे महंगाई का सामना करना पड़ा। जहां राखी पूर्व मे 20 से 50 तक अच्छी टिकाउ राखी बहनो को मिल जाती थी। लेकिन इस बार बाजार मे 100 के ऊपर ही अच्छी व टिकाउ राखी मिलने लगी थी। वही राखी तो बहने अपने पसंद की जैसे तैसे खरीद ही लेती थी लेकिन राखी खरीदने के बाद बहनो को राखी बांधने के समय भाई को देने नारियल भी खरीदनी थी जो पूर्व में 15 से 20 रूपये में मिल जाता था वही नारियल वर्तमान मे 30 रूपये से कम में बाजार में नही मिल रहा था ऐसे मे एक से अधिक भाईयो को राखी बांधने वाली बहने महंगाई के कारण सस्ते नारियल की खोज मे एक दुकान से दूसरे दुकान नारियल पता करते दिखी।

वही वर्तमान मे जो मिठाई 300 किलो तक अच्छी किस्म की मिल जाती थी वह इस राखी 400 से 500 किलो में मिलने लगी थी ऐसे में बहनो की जेब महंगाई ने कर दी।

वही अपने भाई के पास जाकर राखी बांधने का सपना हर बहन का होता है ऐसे मे दोपहिया के माध्यम से सफर करने वाले या तो हेलमेट का उपयोग कर चलते दिखे ताकि रास्ते मे पेट्रोल पंप मे उन्हे हेलमेट न होने के कारण पेट्रोल की दिक्कत न हो और इस दिक्कत से बचने के लिए कई बहने बस के माध्यम से ही सफर करना पसंद करती दिखी जिसके कारण से बस स्टैण्ड मे भाईयो को राखी बांधने जाने वाले बहनो की भीड़ देखने को मिली।

**खबर संक्षेप**



## सलौनी तिलखैरी में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**अंडा।** ग्राम सलौनी तिलखैरी में एक ऐसा परिवार को देखा गया कि जो भी बहन कही से भी कही गई हो आज रक्षा बंधन के दिन हर संभव सलौनी सभी बहने पहुंचती है सलौनी गांव रक्षाबंधन में बहने से सभी बहन हीरामणि, देशमुख ,भेष, देशमुख विमला, पुनीता देशमुख मीना देशमुख योगेश्वरी देशमुख कमलेश्वरी देशमुख रूपा देशमुख दशरी देशमुख, कुमकुम सोनल, भाई केदार,देशमुख, राकेश कुमार, हेमंत ,रिंकू, सोनू वेद प्रकाश, मयंक, यशु देशमुख सभी भाई बहनों आप हर साल आइए। भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन के पर्व को पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और भाईयों से रक्षा का वचन लिया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, नारियल रखा। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया। वही कहीं-कहीं बहनों ने चांदी की राखी बांधी और आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधा और उनके लंबी उम्र और कामयाबी की कामना की।

## रक्षाबंधन पर सरपंच सिन्हा ने बेटियों के विवाह में 1101 रुपए देने की घोषणा

**अंडा।** राखी पर्व भाई बहनों का विशेष त्यौहार है। इस मौके पर ग्राम पंचायत अंडा के युवा सरपंच



दिग्विजय सिन्हा ने ग्राम पंचायत अंतर्गत निवासरत बेटियों को उनके विवाह में 1101 रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गांव के प्रत्येक परिवार इसका हकदार है, प्रत्येक नवविवाहित बेटियों, बहनो के लिए अपने मानदेय से मिलने वाली राशि से देने एक वीडियो जारी कर घोषणा की है इस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया है. उन्होंने बताया कि ग्राम वासियों ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है और समय में लोगों के काम आ सकूं यही मेरी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम अंडा बाल विवाह मुक्त गांव है, बाल विवाह जैसे कुरीतियों पर भी रोक लगाने ग्रामीणों से समर्थन सही समय पर बहनो बेटियों का विवाह हो। ग्रामीणों को त्योहार की बधाई दी है।

## ग्राम कसही लो में निकाली गई तिरंगा रैली

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही (लो) में हर्षोल्लास के साथ तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें पंचायत पदाधिकारियों के साथ साथ ग्राम वासियों ने भाग लिया, तिरंगा रैली निकाल कर गली, मोहल्ले का भ्रमण किया गया, इस अवसर पर उपसरपंच नरेंद्र साहू, पंच यशवंत साहू, खिलेश्वर मंडावी, ललीता कुंजाम, भारत माता वाहिनी अध्यक्ष सुकवारो बाई, अनुसुइया बाई, रेणुका साहू, भुमिका देवांगन,केवरा बाई, मालती बाई,लोमेश्वरी साहू, अशोक कुंजाम, जयंत साहू,देवधर कोमरे, जाहिर लाल,मिलउ राम गांवरे, मनीष साहू,भारत कुंजाम,नितिन साहू,फिरंगु राम पडोटी, तारेंद्र कोमरे,दुबे कुंजाम, रामाधीन मंडावी आदि उपस्थित थे।

## स्कूल पीपरछेड़ी में प्रथम पालक-शिक्षक सम्मेलन शिक्षा सुधार पर हुई चर्चा

**बालोद।** हायर सेकेंडरी स्कूल पीपरछेड़ी में शिक्षक पालक बैठक सम्पन्न हुआ। शासन के मंसा अनुसार विद्यालय प्रांगण में प्रथम पालक शिक्षक सम्मेलन संपन्न हुआ। इस बैठक में शिक्षा में सुधार व गुणवत्ता, बच्चों में झीझक को दूर करना, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण आहार, बच्चों के पढ़ाई का कोना, पढ़ाई हेतु घर में वातावरण निर्माण करना, पाक्सो एक्ट 2012 की विशेष जानकारी, जाति निवास प्रमाण पत्र में आने वाली समस्याएं ,दीक्षाएप, जादूई पिटारा, ई लाइब्रेरी के संदर्भ में आवश्यक चर्चा की गई। पालकों के द्वारा बच्चों के सामने आने वाले कठिनाइयों को बताया गया। बेहतर शिक्षा के लिए कार्य योजना तैयार किया गया।

# शराब प्रेमियों में हड़कंप, अब शराब की बोतल लेने पहनना होगा हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर सहित आसपास क्षेत्र में शराब खरीदने वालों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। अब बोतल लेने से पहले हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। नया नियम लागू होते ही शराब प्रेमियों में खलबली मच गई है। अब तक हेलमेट का रिश्ता सिर्फ बाइक और ट्रैफिक पुलिस से था, लेकिन अब शराब की दुकान तक पहुंच गया।

आबकारी विभाग का अमला पेट्रोल पंपों के अलावा सभी देशी-विदेशी शराब दुकानों के बाहर तैनात है। दुकानों के दरवाज़ों पर बड़े-बड़े नोटिस चस्पा हैं बिना हेलमेट शराब नहीं। नतीजा यह हुआ कि कई शराबी आधे रास्ते से ही लौट गए, तो कई ने पास के दोपहिया सवार से हेलमेट उधार लेकर अपनी बोतल हासिल की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नियम सड़क सुरक्षा के नाम पर शराब प्रेमियों को परेशान करने जैसा है।



नियम लागू होने के पहले दिन ही शराब दुकानों पर अजीब नज़ारे देखने को मिले। कोई हेलमेट सिर पर उल्टा पहनकर पहुंचा, तो कोई पुराने स्कूटर का टूटा-फूटा हेलमेट लेकर लाइन में लग गया। कुछ तो हाथ में बर्तन का ढक्कन भी ले आए, दावा करते हुए कि ये भी तो हेलमेट जैसा है।

### कोई पुराना तो कुछ उधार का हेलमेट लेकर शराब दुकान पहुंचे




#### बिना हेलमेट नहीं मिल रहा पेट्रोल

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दल्लीराजहरा सहित जिले में एक महीने से बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर रोक लगी हुई है। इसी मुहिम को अब शराब दुकानों पर लागू किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टोरेट परिसर में भी आने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि पिछले साल की तुलना में सड़क हादसों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इन हादसों को रोकने के लिए नियमों में सख्ती जरूरी हो गई है। लोगों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग और आम जनता से अभियान में भागीदारी की अपील की गई है।

**निरीक्षण :** मरीजों से बातचीत कर जाना उनका हाल-चाल

# कलेक्टर मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इलाज हेतु पहुंचे लोगों के अलावा अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना।

मिश्रा ने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों से कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें मरीजों से आत्मीय बातचीत एवं मधुर व्यवहार करते हुए समय पर उन्हें समय पर इलाज एवं जरूरी सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पंजीयन कक्ष, ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा इलाज हेतु पहुँचे मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जानने के अलावा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा अस्पताल के वार्ड में पहुंचकर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड में भतएँ मरीजों से बातचीत कर उनके बीमारी तथा अस्पताल में उनका इलाज एवं समुचित देखरेख की सुविधा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मिश्रा ने जनरल वार्ड में भतएँ मरीज खम्हन एवं रेंदसिंह से बातचीत कर उनका हाल चाल पूछा। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक एवं ड्यूटीरत डॉक्टर को तलब कर मरीजों के समुचित इलाज के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने समुचित इलाज के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



मिश्रा ने अधिकारियों के साथ अस्पताल के आईपीडी, औषधि स्टोर कक्ष आदि का भी अवलोकन किया। औषधि भण्डारण कक्ष में रखे गए दवाइयों की जांच कर दवाइयों की वैधता अवधि एवं समाप्ति अवधि आदि का अवलोकन किया। उन्होंने वैधता अवधि समाप्त होने वाले दवाईयों को औषधि भण्डारण कक्ष से अलग करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने अस्पताल अधीक्षक को नियमित रूप से औषधि भण्डारण कक्ष का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित भी किया। कलेक्टर ने बारिश के मौसम को देखते हुए पर्याप्त मात्र में मौसमी एवं जलजनित बीमारियों के संबंध में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने अस्पताल के रसोई कक्ष में पहुँचकर मरीजों के लिए बनाए जा रहे भोजन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अस्पताल अधीक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित मेन्यू के आधार पर ही मरीजों के लिए भोजन, नाश्ता तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं अधिकारियों के द्वारा अस्पताल के एक्स-रे आदि कक्ष का निरीक्षण किया गया। मिश्रा ने



खण्ड चिकित्सा अधिकारी को गुरूर विकासखण्ड के टीबी के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके इलाज के व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने एसडीएम आरके सोनकर को नियमित रूप से अस्पताल का निरीक्षण करने तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्यालय में निवास करने हेतु भी निर्देशित किया।

# शहरवासियों के लिए प्रदूषण बना खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

कभी खनन नगरी के नाम से प्रसिद्ध दल्लीराजहरा आज प्रदूषण के दलदल में डूब चुका है। शहर की आबादी घटने के बावजूद हवा में जहर की मात्रा लगातार बढ़ रही है। दर्जनभर वार्ड, जिनमें पुराना बाजार, शहीद वीर नारायण सिंह चौक, माइन्स ऑफिस चौक, न्यू मार्केट और बस स्टैंड शामिल हैं, दिन-रात लाल धूल के बवंडर में घुट रहे हैं।

दल्लीराजहरा माइंस से उठने वाली लाल मिट्टी, फैक्ट्रियों का जहरीला धुआं और सड़कों पर उखड़ी हुई डामर की परत ने मिलकर शहर को गैस चेंबर बना दिया है। ड्रेन-टू-ड्रेन सड़क न होने से धूल का गुबार 24 घंटे हवा में उड़ता रहता है। आटा मिल, साबुन फैक्ट्री और मिक्सचर प्लांट से निकलने वाला धुआं और वाहनों से निकलने वाली काली गैस ने वायु गुणवत्ता सूचकांक को दोपहर बाद 300 के करीब पहुंचा दिया है, जो कि सबसे खतरनाक श्रेणी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि 0-50 तक का वायु गुणवत्ता सूचकांक स्वास्थ्य के लिए सही है, लेकिन दल्लीराजहरा में यह मानक चार गुना तक पार कर जाता है। प्रोफेसर आकाश साहू और प्रोफेसर नवनीत राव के मुताबिक, सुबह से शाम तक वाहनों की आवाजाही और धूल का गुबार वायु प्रदूषण को दिनभर ऊपर चढ़ाता है।

शहीद अस्पताल के डॉक्टर शैबाल जाना का कहना है कि यह प्रदूषण फेफड़ों और त्वचा की बीमारियों को जन्म दे रहा है। समय रहते इलाज न मिलने पर दमा, हृदयरोग और कैंसर तक का खतरा है। फिर भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन खामोश है।

# शैलदेवी महाविद्यालय में सीआईएसएफ जवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सी. आई .एस. एफ. रीजनल ट्रैनिंग सेंटर उतई, भिलाई में सैनिकों को रक्षासूत्र बाँधकर उनके स्वस्थ, सुरक्षित, आनंदमयी और उज्ज्वल जीवन की कामना करते हुए रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में कमानडण्ड ऑफिसर एवम अन्य पदाधिकारीयों के साथ कुल दो सौ सी. आई. एस .एफ. के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुरुवात रक्षाबंधन शुभकामना गीत के द्वारा की गई। त्यौहार में भी देश की सेवा करते हुए घर से दूर रह रहे जवान इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो गए थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक और छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के संचालक महोदय श्री राजन कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### गोस्वामी तुलसी दास जयंती महोत्सव का किया गया आयोजन

**बालोद।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान तहसील बालोद व श्री तुलसी मानस परिवार तरौद द्वारा तहसील स्तरीय गोस्वामी तुलसी दास जयंती महोत्सव का आयोजन 10 अगस्त को सुबह 9 बजे से श्री दुर्गा मंच भाठापारा तरौद मे किया गया है। रात्रि मे जय मां संतोशी परमानंद जस झांकी का आयोजन किया गया है। जिसके उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत तरौद धर्मेन्द्र रामटेके रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान तहसील बालोद वीआर बेलसर करेंगे। विशिष्ट अतिथि सदस्य जनपद पंचायत बालोद महे"वरी ठाकुर, सेवा निवृत्त शिक्षक जेआर नागवंशी, सरपंच ग्राम पंचायत तरौद चुम्मन सोनकर रहेंगे। समापन समारोह मे मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू रहेंगी। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग. जगदीश देशमुख करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान बालोद लिलार सिह सिन्हा, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, सीबी साहू, विष्णु सोरी, रोमलाल यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मे मंगलाचरण श्री तुलसी मानस परिवार बालोद द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। भजन प्रस्तुती श्री गंगा मानस परिवार टेकापार, जय बजरंग मानस परिवार बोरी प्रस्तुत करेंगे। मानस प्रवक्ता मे पुरूशोत्तम राजपूत, प्रहलाद सिंह साहू, घनाराम ठाकुर, डॉ रोहित देशमुख, भरत कौशिक, "वेता चन्द्राकर, बलराम साहू, लिलार सिंह सिन्हा रहेंगे।

# भारत स्काउट्स व गाइड्स का जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण और जांच शिविर का समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार एवं प्रार्थना के साथ किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला आयुक्त (स्काउट) योगदास साहू एवं जिला आयुक्त (गाइड) दुर्गेश नंदिनी यादव के निर्देशन तथा जिला सचिव के.एल. गजेन्द्र, डीओसी (गाइड) प्रेमलता चंद्राकर एवं डीओसी (स्काउट) नेमसिंह साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर के संचालक मिलन सिन्हा ने प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ राज्य पुरस्कार हेतु लॉग बुक लेखन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षक मंडल ने स्काउट-गाइड के प्रवेश, नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, गणवेश, राष्ट्रध्वज एवं संगठन के ध्वज, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, पायोनियरिंग एवं बी.पी. सिक्स विषयों पर प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ए.के. साहू ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण को लगन से आत्मसात कर राज्य पुरस्कार प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। भोला राम साहू ने यातायात नियमों की जानकारी दी और राज्य पुरस्कार परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दीं। शिविर में 130 स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

समापन समारोह में अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के राज्य पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में विकासखंड सचिव छगन बंछोर, संयुक्त सचिव नोम साहू, गाइड कैप्टन हिमा देवहारी, वर्षा रानी देवांगन, रेंजर लीडर केशरीन बैग, हिरमन चोरके, बेनी राम साहू, रोवर लीडर नितिन, स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा, भागवत साहू, धनेश्वरी सोनवानी, छाया नंदा, दुष्यंत कोलियारे, चंद्रशेखर आडिल सहित अनेक गणमान्य जनों का सहयोग रहा।

**देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जन चेतना के लिए पहल**

# रेंगनी में चलाया गया हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत डौंडीलोहारा विकासखंड में अभियान चलाया गया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जन चेतना को सशक्त बनाने के लिए सीईओ पंकज देव ने विकास खंड के समस्त ग्राम वासियों को इस अभियान में जुड़कर सहयोग प्रदान करने अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग है। हर घर स्वच्छ व सुंदर रहेगा तथा हर घर तिरंगा लहराएगा तो देशभक्ति की भावना प्रबल होगी। स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना करना संभव नहीं है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत रेंगनी में शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में स्वच्छाग्रही समूह व बिहान आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूह के साथ ग्रामीण शामिल थे। जिसमें सरपंच नरेंद्र कुमार बढ़ेंद्र, स्वच्छाग्रही समूह की ब्लॉक अध्यक्ष रमन बावरे, नेमिन कोठारी, दयावती गांवरे, नीरा निर्मलकर, बनिता राणा, सखीना गावरे, भोज बाई, रेखा पटेल, अनीता पिस्दा, सेवती बाई, चमेली बाई, अनीता चौरका, भान बाई देवांगन, कमलेश्वरी पटेल, संगीता तारम, शीतल चौरका सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने तिरंगा यात्रा में शामिल ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छाग्रही समूह के द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे स्वच्छता के क्षेत्र में गांव की तस्वीर बदल रही है। विकास खंड का हर गांव स्वच्छ व सुंदर दिखता है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। स्वच्छाग्रही समूह की ब्लॉक अध्यक्ष रमन बावरे ने कहा कि स्वच्छाग्रही समूह की हमारी दीदियां जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के निर्देश का इंतजार करते रहते हैं, जैसे ही सूचना मिलती है। उस अभियान को सफल बनाने हम जुट जाते हैं। सीईओ पंकज देव ने आगे बताया कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन 8 अगस्त से 15 अगस्त तक अनवरत चलेगा। विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी होगा, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर जन सहभागिता से श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छाग्रही समूह की दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।




**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम देवकोट को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाब राम पिता पतिराम, जाति कलार, साकिन-निवासी देवकोट, तहसील गुरूर, जिला बालोद द्वारा ग्राम देवकोट, प.ह.न. 07, तहसील-गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 469/4, 469/5 रकबा क्रमशः 0.13, 0.07 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.20 हे लगान 0.25 रू. संयुक्त नाम की भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका कहीं गुम हो गया है, जिसे यथा स्थान तलाश किया गया। लेकिन ऋणपुस्तिका प्राप्त नहीं हुआ और न ही मिलने की संभावना है। आवेदक डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-1, शपथ पत्र, नो-ड्यूज, थाना रिपोर्ट एवं चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/08/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरुर, जिला-बालोद

## खबर संक्षेप



### जनपद अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी

**जामगांव आर।** रक्षा बंधन के पूर्व संध्या पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने दुर्ग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का अक्षत तिलक करते कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई और मंगल आरती करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। पुलिस अधीक्षक ने बहनों की रक्षा का संकल्प का वचन देते हुए बहन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनपद पंचायत की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि रक्षाबंधन का महान पर्व भाई और बहन के बीच विश्वास और रक्षा का अमृत पान कराती है। दिन–रात हमारी रक्षा करने वाले पुलिस अधीक्षक एवं सह कर्मियों को सुरक्षा सूत्र बांधकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह सूत्र रक्षात्मक जिम्मेदारियों के प्रति कर्तव्य निष्ठा का प्रतीक है। इस अवसर पर कीर्ति नायक के साथ में कुसुम साहू, पूनम श्रीवास्तव, दुलारी साहू, रेखा साहू भी उपस्थित थीं।


### स्कूल विनायकपुर में मनाया रक्षा बंधन पर्व



**अंडा।** विनायकपुर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य मंजीत सिंग राजपूत के निर्देश में रेड क्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी एंव मीनाक्षी नेताम के आदेश में रेडक्रॉस व स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स ने एक अनोखा प्रयास किया। उन्होंने स्कूल परिसर में पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और पेड़ों को कटने से बचाया जा सकेगा। विद्यार्थियों ने पेड़ों को राखी बांधते हुए कहा, /"पेड़ हमारे जीवनदाता हैं, उनकी रक्षा हमारी जिम्मेदारी है।/" इस कार्यक्रम मे भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे,रोहित देशमुख,देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, ममता तिवारी, लीना जोशी, गुलशन चंद्राकर, तरुण साहू, देवशीष पिपरिया उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों में इस अभियान से विद्यार्थियों में पर्यावरण प्रेम की भावना जागृत हुई है।

### बंदरों के आतंक से किसान परेशान

**दल्लीराजहरा।** नगर और आसपास के ग्रामों में इन दिनों बंदरों का आतंक इस कदर हावी है कि घरों में लगाई गई सब्जी को चट कर रहे हैं।



वहीं कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बंदर न केवल छतों और दीवारों पर चढ़ते हैं, बल्कि कई बार घर की सीढ़ियों से उतरकर सीधे कमरों में घुस आते हैं। इसके लिए वन विभाग के अधिकारी न तो कोई अभियान चला रहे हैं और न ही कोई स्थायी समाधान खोज रहे हैं।

### पर्व : अपने भाइयों को राखी बांधने बहनें पहुंचीं जिला जेल बालोद

# जिला जेल में बहनों ने बांधी भाई को राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाई बहनो का त्यौहार राखी के अवसर पर जिला जेल बालोद द्वारा जेल मे बंद कैदियो को राखी बांधने आने वाली बहनो के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसके तहत बाहर से आने वाली बहने आराम से अपनी भाईयो की कलाई मे राखी बांधते दिखी। साल में एक बार आने वाला राखी का त्यौहार भाई बहनो के प्रति अटूट प्रेम को दर्शाती है जहां दूर रहने के बावजूद बहने राखी बांधने अपने भाईयो के पास पहुच ही जाती है इसी प्रकार का नजारा जिला जेल बालोद में देखने को मिला जहां विभिन्न मामलो के चलते जेल मे सजा काट रहे अपने भाईयो को राखी बांधने उनकी बहने जिला जेल बालोद पहुंची, जहां जेल परिसर में अपने भाईयो का विधि विधान से पूजा कर पूरी रस्म से राखी बांधती दिखी।

इस अवसर पर जेल अधिकारी कर्मचारियो द्वारा राखी बांधने आने वाली बहनो के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।जहां जेल के बाहर धूप व पानी से बचने टैंट की व्यवस्था के साथ अंदर परिसर मे एक उचित स्थान पर भाई बहनो के बैठने के लिए दरी के साथ पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी जहां बहनो अपने भाईयो के साथ बैठकर आराम से विधि विधान के साथ राखी बांधते दिखी। जिससे बाहर से आने वाली बहनो को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।



### रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया



**बालोद/सिकोसा।** भाई–बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। बहनें भाई के कलाई में राखी बांधी बहन समृद्धि तिवारी काव्या मिश्रा ने भाई अभिषेक, अवी मिश्रा, श्रीयांश मिश्रा की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाई जीवनभर बहन की रक्षा का वचन दिये हैं, रक्षाबंधन पर विशेष शुभ संयोग बना है, आज राखी बांधने से दोगुना शुभ फल प्राप्त होगा आज रक्षाबंधन का त्यौहार है और इसे बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाई अपनी बहनों को उपहार दिया यह त्यौहार भाई–बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सलामती की दुआ किया और भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वचन दिया।

## शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित विभिन्न गांवों में पारंपरिक रूप में रक्षाबंधन पर्व मनाया। शनिवार को भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन के पर्व को पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और भाईयों से रक्षा का वचन लिया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, नारियल रखा। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया। वही कहीं-कहीं बहनों ने चांदी की राखी बांधी और आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधा और उनके लंबी उम्र और कामयाबी की कामना की।



बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। छोटी-छोटी बच्चियों में राखी बांधने का उत्साह देखते ही बना। भाइयों के सिर पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और राखी बांधी। आम से लेकर खास ने यह पर्व अपने परिवार के बीच मनाया। लोगों ने परंपरानुसार तरह-तरह के व्यंजनों का आनंद लिया और घर आए मेहमानों का मुंह मीठा करवाया। विवाहित महिलाओं ने अपने मायके पहुंचकर भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा उनसे रक्षा का वचन लिया और बुजुगों के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। वर्तमान में बदलते परिवेश के अनुसार अब बहनों को दिए जाने वाले रुपयों की जगह बाजार में मिलने वाले विभिन्न तोहफों ने ले लिया है। इंटरनेट की दुनिया में हमारी जिंदगी भी डिजिटल होती जा रही है। भाई-बहन के प्यार का प्रतीक राखी भी डिजिटल रूप में अब सामने आने लगी हैं। अब बहन भी स्मार्टफोन के जरिए इंटरनेट पर ऑनलाइन राखी भेज रही हैं।

## राखी के धागों में बंधा दल्लीराजहरा





**दल्लीराजहरा।** भाई-बहन के रिश्ते की पवित्र डोर और अटूट विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शहर में चहल पहल शुरू हो गई। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा और भाई बहनों को उपहार व जीवनभर रक्षा का वचन दिए।पर्व पर नगर की मिठाई दुकानों में भीड़ रही। दल्लीराजहरा शहर के एक बुजुर्ग ने भावुक होकर कहा राखी सिर्फ एक धागा नहीं, यह बचपन की यादें, साझा हंसी और वह वादा है कि चाहे समय कैसा भी हो, भाई-बहन हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहेंगे।

## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**लाटाबोड़।** भाई-बहनों के पवित्र रिश्ते को समर्पित रक्षा बंधन का त्योहार शनिवार को नगर सहित अंचल में उत्साह से मनाया गया। एक ओर जहां बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं दूसरी ओर घर के सभी उपकरणों में राखी बांधकर पूजा-अर्चना की गई। घर-घर में बहनों ने आरती की थाली सजाकर भाइयों को तिलक लगाया। आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। भाई बहनों ने इस पल क्रो यादगार बनाने फैमिली फोटो भी खींचकर शेयर करते रहे। भाइयों ने भी राखी बंधवाने के बाद बहनों को उपहार दिया। रक्षाबंधन के त्योहार में धार्मिक सौहार्द भी देखने को मिला। रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही नगर के चौक-चौराहों पर राखी बाजार सज गई थी। महिलाएं व युवतियां त्यौहार के दिन भी जमकर राखी की खरीदारी की। वहीं मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। किराना दुकानों में नारियल की डिमांड ज्यादा रही। कपड़ा और गिफ्ट की



दुकानों में अच्छी बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर्व में बस, टाम्पो व जीप चालकों की अच्छी कमाई हुई। दूर-दराज में रहने वाली बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने बस व जीप से अपने गणतव्य पहुंचे। वहीं महिलाएं व युवतियां आसपास गांवों व जगहों पर राखी बांधने बस व जीप से गए। ऐसे में रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पहले से ही बसों व जीप में यात्रियों की अच्छी भीड़ रही।



## ऑनलाइन राखी से लेकर डाक माध्यम से बहनों ने निभाई भाई-बहन की डोर

**बालोद।** जिले में राखी का त्यौहार मनाया गया। लेकिन इस दौरान कई पुराने परंपराओ को लोगों ने याद किया तो कई बहने जिनके भाई उनके दूर रहते है वे ऑनलाईन राखी मनाई व कई बहनो ने एक दूसरे को राखी बांधकर इस रस्म को निभाते दिखे। जहां पूर्व मे राखी के अवसर पर ग्रामो के साथ शहरो मे पंडितो के द्वारा घर घर जाकर राखी बांधने की परंपरा पूर्व में निभाई जाती थी लेकिन वर्तमान मे आधुनिक पीढ़ी इस रस्म को भुलती जा रही है और अब यह परंपरा सीमट कर रह गई है जिसके कारण से पुरानी रस्म लुप्त होती नजर आ रही है। वही कई ऐसे भी बहने है जो ऑनलाईन विडियो कॉल के माध्यम से इस रक्षाबंधन को मनाते नजर आ रहे है। जहां कई भाई अपने काम की वजह से या देश की सुरक्षा के लिए दूर सरहद पर तैनात सैनिको की बहने अपने भाईयो को डाक के माध्यम से राखी तो भेज चुकी है। लेकिन ऑनलाईन विडियो कॉल पर अपने भाई से बात करके इस त्यौहार को मना रही है।



## नगर में रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं आसपास के गांवों में भी रक्षा बंधन पर भाई-बहनों के घर रक्षा सूत्र बंधवाने पहुंचे। बहनें अपने भाइयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधने सुबह से ही तैयारी में लग रही। यह सिलसिला सुबह से शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर मिठाई की दुकान, गिफ्ट, ज्वेलरी की दुकानों में भीड़ भाड़ देखी गई।





### धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**गुरूर।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भाई बहन का पवित्र रिश्ता रक्षाबंधन पर्व पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। जहां बहनों ने अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर अपना स्नेह प्रकट किये तो वही भाई भी अपनी बहन की रक्षा का वचन दिया।

## ब्रह्माकुमारीज में मना रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र में रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व हमें ईश्वरीय अटूट संबंध की स्मृति दिलाता है। रक्षाबंधन का त्योहार स्वयं की सब बुराइयों से, विकारों से रक्षा करने का पर्व है। इस पर्व पर रक्षा-सूत्र बांधने से पूर्व बहन, भाई के मस्तक पर चंदन का तिलक लगाती है, जो शुद्ध, शीतल और सुगंधित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। तिलक दांये हाथ से किया जाता है तथा राखी भी दांये हाथ पर बांधी जाती है। यह विधि हमें यह प्रेरणा देती है कि हम सदा राइट अर्थात सकारात्मक चिंतन करते हुए राइट अर्थात श्रेष्ठ कर्म ही करें, जिससे आत्मा अनिष्ट परिणामों से दुखी व अशांत होने से सुरक्षित रहेगी। मिठाई खिलाने के पीछे भी मन को और संबंधों को मीठा बनाने का राज भरा है। इस अवसर पर परम पिता परमात्मा को भोग लगाया गया। उपस्थित सभी भाई-बहनों को ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी बांधी और भोग भेंटकर मुंह मीठा कराया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पुलिस थाना स्टाफ को भी राखी बांधी।






### उपाध्यक्ष साहू ने ब्रह्माकुमारी बहनों से बंधवाई राखी

**गुरूर।** ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह के अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू द्वारा अपने उदबोधन के दौरान ब्रम्हकुमारी संस्था के बहनों को वचन दिया था कि जब तक जीवित रहूंगा प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बंधवाने ब्रम्हकुमारी संस्था आऊंगा इस वचन को पूरा करते हुए ब्रम्हकुमारी संस्था में पहुँचकर संस्था के बहनो से राखी बंधवाया।

जगतगुरु नरेंद्र स्वामी की कृपा से और 5 दिन के लिए
अखिल भारतीय ज्योतिषी
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
जनता की मांग पर 7वीं बार : 4 अगस्त से 14 अगस्त तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक- घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117
बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411